राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग राज0 जयपुर

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक के पास सी–स्कीम जयपुर 302013

क्रमांकः–प.1(ग)( )का/एस.एम.ई–3/डी.एल.बी./ 24/ दिनांकः–

सफाई कर्मचारी पद की सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 2/2024

राजस्थान नगरपालिका (सफाई कर्मचारी सेवा) नियम, 2012 के अंतर्गत राज्य की 185 नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारियों के कुल 23820 रिक्त पदों पर निकायवार सीधी भर्ती हेतु इच्छुक, निर्धारित योग्यताधारी अभ्यर्थियों से ऑन लाईन आवेदन पत्र (online Application from) आमंत्रित किये जाते है। सफाई कर्मचारी पद हेतु योग्यता, रिक्त पदों की संख्या, आवेदन प्रक्रिया, आवेदन शुल्क एवं निकायवार पदों का विवरण तथा अन्य विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट **https://lsg.urban.rajashtan.gov.in/** पर उपलब्ध है। उक्त पदों हेतु अर्हता, आयु सीमा व अन्य विवरण निम्नानुसार है :–

आयु सीमा	दिनांक 01.01.2025 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष।
आवेदन अवधि	दिनांक 07.10.2024 से दिनांक 06.11.2024 रात्रि 23:59 बजे तक। **आवेदन हेतु अभ्यर्थी अपना जनाधार कार्ड अपडेट रखें।**
आवेदन में संशोधन अवधि	ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा की गई त्रुटियों में दिनांक 11.11.2024 से दिनांक 25.11.2024 रात्रि 23:59 बजे तक संशोधन किया जा सकता है।
अर्हता एवं अनुभव	1. आवेदनकर्ता राजस्थान का मूल निवासी हो। 2. सफाई कर्मचारी पद हेतु कोई शैक्षणिक योग्यता निर्धारित नही है। 3. सफाई कर्मचारी सीधी भर्ती पद हेतु योग्यताः– सफाई कर्मचारी के पद पर भर्ती हेतु स्वच्छता (Sanitation) जैसे सड़क की सफाई, सार्वजनिक सीवरेज की सफाई का एक वर्ष का कार्य अनुभव जो कि निम्न द्वारा जारी किया गया होः– • राज्य की नगरीय निकाय से सीधे ही नियोजित होने की स्थिति में मुख्य नगपालिक अधिकारी या उनके द्वारा अन्य प्राधिकृत अधिकारी, अथवा • संवेदक/प्राधिकृत संस्था के माध्यम से नियोजित होने की स्थिति में संवेदक/प्राधिकृत संस्था द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र जो संबधित नगरीय निकाय के वरिष्ठ प्रबंधक, ठोस कचरा या मुख्य प्रबंधक, ठोस कचरा द्वारा संबधित दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत नगर पालिका एवं नगर परिषद के स्तर पर मुख्य नगरपालिक अधिकारी एवं नगर निगम के स्तर पर उपायुक्त (कार्मिक) या आयुक्त द्वारा प्राधिकृत ऐसा अधिकारी जो उपायुक्त के पद से निम्नतर नहीं हो से प्रतिहस्ताक्षरित हो।
चयन प्रक्रिया	सफाई कर्मचारी पद पर चयन नगरीय निकायवार विज्ञापित पदों हेतु प्राप्त आवेदनों में से पात्र अभ्यर्थियों का लॉटरी प्रक्रिया (सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा विकसित ऑनलाईन सॉफ्टवेयर के माध्यम) अपनाकर वर्गवार विज्ञापित पदों की संख्या के अनुरूप किया जावेगा।

(कुमार पाल गौतम)
निदेशक एवं विशिष्ट सचिव

RajKaj Ref
10820613

Signature valid
Digitally signed by Kumar Pal Gautam
Designation : Director
Date: 2024.09.27 21:57:42 IST
Reason: Approved